हिंदी विश्वविद्यालय में मीडिया अभिव्यक्ति वॉल मॅगजिन का उदघाटन

वर्धा, दि. 21 जनवरी 2020 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग के

मीडिया अभिव्यक्ति वॉल मॅगजिन का उदघाटन शुक्रवार दि. 17 जनवरी को दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई के कुलपति प्रो. राम मोहन पाठक की अध्यक्षता में किया गया। जनसंचार विभाग के बी.ए. के विद्यार्थियों द्वारा सहायक प्रोफेसर डॉ. अख्तर आलम के मार्गदर्शन में इसे तैयार किया गया जिसकी संपादक कृति पटेल और उपसंपादक कृष्णा मोहोड है। उदघाटन कार्यक्रम में मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ के अधिष्ठाता तथा जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपा शंकर चौबे, प्रो. अनिल कुमार राय, डॉ. धरवेश

कठेरिया, डॉ. रेणु सिंह, श्री राजेश लेहकपुरे व संदीप कुमार वर्मा उपस्थित थे। इस प्रस्तुति में विद्यार्थियों ने स्वरचित कविता व कहानियों, सुविचार, खेल, फिल्म, आर्थिक एवं अंतरराष्ट्रीय आदि खबरें प्रस्तुत की है।